भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.05.2022

आरेडिका की खेल–कूद संघ की टीम ने किया मुंसियारी–खलिया टॉप ट्रैकिंग अभियान

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,खेल–कूद संघ द्वारा 17.04.2022 को एक 13 सदस्यों की टीम मुंसियारी–खलिया टॉप ट्रैकिंग हेतु भेजी गयी थी, जिसमें श्री डी.पी. मिश्रा डिप्टी सीपीएम, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव निजी सचिव एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री सुबोध कुमार जेई आदि गये थे, इस टीम का नेतृत्व वरिष्ठ खंड अभियंता अमिय श्रीवास्तव ने किया। इस टीम को 2020 से लगातार भेजने का प्रयास चल रहा था लेकिन कोविड–19 के कारण इसका क्रियान्वयन अंतिम समय पर रोकना पड़ा।

इस टीम ने 8 किलोमीटर पहाड़ी रास्तों पर ट्रैकिंग करके पहला पड़ाव 8500 फीट की ऊँचाई पर ओक के घने जंगलों से घिरे "मारटोली थाच" पर किया दूसरा पड़ाव 6 किलोमीटर की यात्रा ओक,पाइन, देवदार,साइप्रस एवं बुरांश के घने जंगलों के बीच से गुजरते हुए 9000 फीट की ऊँचाई पर "रूदखान" में छोटे–छोटे तंबूओं में रात्रि विश्राम किया। तीसरा और अंतिम पडाव वापस मुंसियारी का था जिसकी दूरी 14 किमी थी जिसमें प्रारम्भिक 8 किमी सघन पहाड़ी चढाई चढते हुए लगभग12200 फीट पर स्थित "खालिया टॉप" से गुजरते हुए अंतिम 6 किमी सीढीनुमा ढलान पर तय की गई। पूरे दल ने इस रोमांचकारी ट्रैकिंग को सफलता पूर्वक पूरा कर 24.04.2022 को वापसी की।

इस अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय. कटियार ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार के और ट्रैकिंग कार्यक्रमों का आयोजन रेल कर्मियों के लिए किए जाते रहेंगे। इस आयोजन को यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की "शान ए अवध" लखनऊ इकाई का विशेष योगदान रहा।

05/5/2022

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जन संपर्क अधिकारी